भारत सरकार
योजना मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 6136
दिनांक 01.04.2026 को उत्तर देने के लिए

पिछड़ेपन संबंधी सूचकांक का मूल्यांकन

6136. श्री नीरज मौर्य:

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नीति आयोग ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के बरेली और बदायूं जिलों के पिछड़ेपन संबंधी सूचकांक का कोई मूल्यांकन किया है तथा इसके आधार पर आंवला के लिए क्या कोई विशेष विकास रणनीति तैयार की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत आंवला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के सबसे पिछड़े ब्लॉकों में स्वास्थ्य और अवसंरचना सुधार के लिए अतिरिक्त निधि आवंटित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास ग्रामीण युवाओं के पलायन को रोकने हेतु स्थानीय उद्योग और कृषि के एकीकरण के लिए कोई दीर्घकालिक क्षेत्रीय योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार स्थानीय स्तर पर डेटा संग्रह और सांख्यिकीय विश्लेषण को सशक्त बनाने हेतु जिला योजना समितियों को तकनीकी उन्नयन में सहायता प्रदान कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) जी, नहीं। नीति आयोग ने बरेली और बदायूं जिलों के पिछड़ेपन संबंधी सूचकांक या आंवला के लिए विशेष विकास कार्यनीति पर कोई आकलन नहीं किया है।

(ख) से (घ) आंवला निर्वाचन क्षेत्र का ब्लॉक उत्तर प्रदेश के उन 68 ब्लॉकों में शामिल नहीं है जो आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत आते हैं।

*****